>

Title: Regarding delay in construction of railway underpasses in Nalanda Parliamentary Constituency in Bihar and need to redesign the underpasses for smooth movement of trctors/vehicles.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र नालंदा के किसानों की परेशानियों को देखते हुए आकृष्ट कराना चाहता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बिहार शरीफ से दनियावां रेल खंड पर और इस्लामपुर से नटेसर तक अंडरपास का काम चल रहा है । मैं माननीय रेल मंत्री जी से यह निवेदन करूंगा कि कृपया मेरी बात पर ध्यान दिया जाए । माननीय मंत्री जी, मैं आपके ही विभाग के बारे में बोल रहा हूं ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से यह निवेदन करना चाहता हूं कि जो अंडरपास बन रहा है, सिर्फ मेरे ही संसदीय क्षेत्र में नहीं, बल्कि पूरे देश में जो अंडरपास बन रहे हैं, कई माननीय सदस्यों ने इस बात को रखा है कि जो अंडरपास बन रहे हैं, वहां पर किसानों का हारवेस्टर नहीं जा पा रहा है और न ही ट्रैक्टर जा पा रहा है । बरसात के दिनों में लगभग 8 से 9 फीट नीचे तक पानी भर जाता है, जिससे आवागमन बाधित हो जाता है ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री कौशलेन्द्र कुमार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है । माननीय सदस्य, मैं भी आपकी बात से सहमत हूं । माननीय मंत्री जी, मेरा सदन के सभी सदस्यों की तरफ से आपसे यह आग्रह है कि पूरे देश के अंदर अंडरपास की डिजाइन को देखना चाहिए । कई माननीय सदस्यों ने इस विषय को समय-समय पर सदन में उठाया है ।

रेल मंत्री तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल) : अध्यक्ष महोदय, मैं इसको देखूंगा ।

श्री कौशलेन्द्र कुमार : महोदय, क्रासिंग को बरकरार रखा जाए ।